प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

05.10.2024 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 09.20 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के वाशिम जिले से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इसमें देश भर के 9 करोड़ 40 लाख से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिये बीस हजार करोड रूपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। प्रधानमंत्री कृषि अवसंरचना कोष के तहत एक हजार 9 सौ 20 करोड़ रूपये से अधिक की साढ़े सात हजार परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें प्राथमिक प्रसंस्ककरण इकाइयां, गोदाम, उपज की छंटाई और वर्गीकरण, शीतगृह परियोजनाएं और फसल–कटाई के बाद प्रबंधन से जुडी परियोजनाएं शामिल हैं।

जे पी नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नडडा प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर है। अपने दौरे के दूसरे दिन आज वे भाजपा जिला कार्यालय सिरमौर के नवनिर्मित भवन का उदघाटन करेंगे और जनता को सम्बोधित करेंगे। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने कल बिलासपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की और भारतीय जनता पार्टी ही अपनी उपलब्धियों को गिनने की ताकत रखने वाली पार्टी है। नड्डा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस आपदा की सरकार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को एक हजार एक सौ 90 करोड़ चार किश्तों में आपदा के लिए दिए और तीन सौ 78 करोड़ की राशि इस वर्ष प्रदान की है।

सुनवाई

संजौली मस्जिद विवाद मामले को लेकर नगर निगम आयुक्त कोर्ट में आज सुनवाई होगी। इस मामले पर वक्फ बोर्ड, मस्जिद कमेटी और संबंधित जे ई अपनी स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट के समक्ष पेश करेंगे। इसके अलावा स्थानीय लोगों को मामले में पार्टी बनाए जाने को लेकर कोर्ट अपना फैसला सुनाएगा। उल्लेखनीय है कि इस मामले पर 7 सितंबर को नगर निगम आयुक्त कोर्ट में सुनवाई हुई थी जिसमें वक्फ बोर्ड और जे ई को स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के निर्देश दिए गए थे।

नवरात्रे

शारदीय नवरात्रों के तीसरे दिन आज मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मां चंद्रघंटा नाद के साथ शांति का संदेश देती है। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित सभी मंदिरों में मां की आराधना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

पठानिया

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार की नई खेल नीति का उद्देश्य खेलों को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की है जो खेलों के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वे कल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत में छात्राओं की 4 दिवसीय राज्य स्तरीय अंडर 19 मेजर खेल–कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के अवसर पर उन्होंने ये बात कही। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

विश्व शिक्षक दिवस

आज विश्व शिक्षक दिवस है। वैश्विक स्तर पर हर साल 5 अक्तूबर को ये दिवस मनाया जाता है। इसकी स्थापना 1994 में यूनेस्को द्वारा की गई थी। ये दिन शिक्षकों का सम्मान करने, अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वैश्विक स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर जोर देने के अवसर के रूप में देखा जाता है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खिया पर

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने भाजपा के केंद्रीय मंत्री जे पी नडडा के हिमाचल दौरे से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को इसी महीने से पांच लाख का हेल्थ बीमा कवर। पंजाब केसरी** ने लिखा है **एम्स बिलासपुर में 29 सहायक प्रोफेसर्स की होगी नियुक्ति, किडनी ट्रांसप्लांट भी शुरू। दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **भाजपा के रहते खत्म नहीं होगा आरक्षण। आपका फैसला** के शब्द हैं **हिमाचल में विकास भाजपा ने ही करवाया। दैनिक भास्कर** का शीर्षक है **एम्स बिलासपुर को मिली 1 सौ 78 करोड़ के नए इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट्स की सौगात। हिमाचल दस्तक** ने लिखा है **केंद्र मदद न करे तो एक दिन भी नहीं चलेगी प्रदेश सरकार।**

दैनिक जागरण और दैनिक सवेरा टाइम्स ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है **प्रदेश में शौचालय कर का कोई प्रस्ताव नहीं। दिव्य हिमाचल** के शब्द हैं **टायलट टैक्स भाजपा का सबसे बड़ा झूठ। पंजाब केसरी** का कहना है **शौचालय कर को लेकर सरकार का यू टर्न, बैकफुट पर आई सरकार। अमर उजाला** ने लिखा है **सीवरेज सेस से सीएम का इन्कार, सीतारमण की पोस्ट पर पलटवार।**

हिमाचल में खनन पट्टों पर अब मिल्क सेस और ईवी शुल्क लगेगा अमर उजाला की एक खबर है।

यूपी के बाद अब स्टडी होगा केरल का शिक्षा मॉडल शीर्षक से **हिमाचल दस्तक** ने लिखा है शिक्षा मंत्री बोले–राज्यों की बेस्ट प्रेक्टिस को अपनाएगी सरकार।